तापमान
अधिकतम 14.5 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 30 दिसंबर 2023

खुशियों व गमों से भरा रहा साल 2023 12



# घने कोहरे और शीतलहर ने छुड़वाई लोगों की कंपकंपी, छाए रहे धुंध के बादल

- जिले में ठंड से राहत पाने के लिए अलाव तापने को मजबूर हुए लोग
- मौसम में ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान पहुंचा छह डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्ष 2023 के अंतिम दिनों में जिले में घना कोहरे और शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। शुक्रवार को भी जिले में अल सुबह से दोपहर तक आसमान से घने कोहरे की बूंदे टपकती रही और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड की कंपकंपी से लोग ठिठूरते रहे। आलम यह रहा कि लोग ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलाकर तापने पर मजबूर हो गए। वहीं, मौसम में ठंडक बढ़ने से जिले का तापमान भी गिरकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस रह गया। शुक्रवार सुबह जिले में अब तक का सबसे अधिक घना कोहरा छाया। सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से पूरा जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। सुबह के वक्त आसमान से कोहरे की बूंदे औस के रूप में टपकती रही। जिससे मौसम में अधिक ठंड बढ़ गई। शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

दोपहर बाद कुछ देर के लिए धूप निकली। जिससे लोगों ने किसी तरह घरों से निकलकर अपने कामधंधे निपटाए। मगर दिन भर शीतलहर चलने से मौसम में दिन भर ठंडक बनी रही जिससे बच्चे, बुजुर्ग घरों में दुबके रहे। वहीं, कामकाजी लोगों ने गर्म कपड़े लपेट कर या फिर अलाव जलाकर अपने काम धंधे निपटाए। खास बात यह रही घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी रही।

## सर्द हवाओं के साथ धुंध के प्रकोप से जनजीवन अस्त व्यस्त

**कुरुक्षेत्र।** जिले में सर्द हवाओं के साथ धुंध के प्रकोप ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। सुबह और देर रात को धुंध की चादर बिछने से सड़कों पर वाहन चालकों का आगे बढ़ना मुश्किल हो चुका है। शुक्रवार सुबह के समय धुंध के बीच महज एक से दो मीटर की दृश्यता से लोगों को काफी परेशानी हुई। सुबह के समय सब्जी मंडी में खरीदारी करने या अन्य जरूरी कार्यों से घरों के बाहर निकले लोगों को सर्द हवाओं के साथ धुंध से दो चार होना पड़ा। इससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हुई। जानकारी के अनुसार जिले में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के करीब जा पहुंचा है। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है।
**ठंड से घरों में दुबके लोग:** ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। धुंध रहने से आम जनजीवन प्रभावित रहा। धुंध का असर जीटी रोड पर भी देखने को मिला। धुंध के कारण वाहन रेंगरेंग कर चलते नजर आए। धुंध के कारण वाहन चालक दिन में ही लाईटें जलाकर चलते देखे गए। दोपहर 12 बजे के बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए। सुबह कामकाज पर जाने वाले व ऑफिस जाने वाले लोगों को खासी परेशानी हुई।





**यमुनानगर।** घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### -बाजारों में दुकानदारी भी रही ठंडी

जिले में घना कोहरे व ठंड की वजह से शुक्रवार को बाजारों में ग्राहक बहुत कम पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार रोहित, विवेक, संजय, टविंकल व सन्नी आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से जिले में घना कोहरा पड़ रहा है और शीतलहर चल रही है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि वर्ष के अंतिम दिन चल रहे हैं। ऐसे में बाजारों में ग्राहकों की कमी नजर आना दुकानदारों के लिए शुभ नहीं है। क्योंकि लोग इस समय नए वर्ष के लिए गिफ्ट आदि खरीदते हैं। मगर ठंड की वजह से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकपी

शुक्रवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## खबर संक्षेप

### मूकबधिर की ट्रेन से कटकर मौत

**पानीपत।** पानीपत शहर की बत्रा कॉलोनी के पीछे दो नहरों के बीच से गुजर रही रेलवे लाइन पर मुकबधिर 21 वर्षीय रितिक उर्फ पारस निवासी बत्रा कॉलोनी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रितिक नगर निगम के अंतर्गत सुलभ शौचालय की सफाई का काम करता था। हादसे की सूचना जीआरपी को दी गई। जीआरपी ने परिजनों के बयानों के आधार पर सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई की है।

### युवती से 41 हजार ठगे

**समालखा।** समालखा कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक में रुपए जमा करवाने गई अंजलि निवासी गांव जौरासी खास जिला पानीपत से दो ठगों ने ठगी कर ली। दोनों ठगों ने अंजलि को एक गड्डी दिखाते हुए ज्यादा रुपए होने की बात कही। इसके बाद वे उससे 41 हजार रुपए लेकर गड्डी थमा कर चले गए। अंजलि ने जब उसे चेक किया तो वह कागजों की गड्डी थी। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई।

### कट्टे के साथ आरोपी पकडा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने रोडवेज बस स्टैंड गांव सिवाह के पास सन्नी उर्फ गटू पुत्र मुकेश निवासी सौदापुर अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि आरोपी सन्नी उर्फ गटू के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी की नालागढ़ का माजरा कॉलोनी के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुससार नालागढ़ का माजरा निवासी मामचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई राजेश मेहनत मजदूरी का काम करता था। देर शाम वह कॉलोनी में ही किसी काम से गया था। जब वह सड़क पार करने लगा तो अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी।

स्वास्थ्य अधिकारियों एनएचएम व मेडिकल स्टूडेंटस ने आपातकालीन सेवाओं को सुचारू रुप से चलाने के लिए संभाला मोर्चा

# राजकीय डॉक्टरों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने हड़ताली डॉक्टरों सीं की अपनी हड़ताल समाप्त करने की अपील

- ओपीडी व आपातकालीन सेवाएं दिन भर सूचारू रुप से रही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन यमुनानगर के राजकीय चिकित्सकों ने शुक्रवार से अपनी मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी। मगर स्वास्थ्य अधिकारियों ने एनएचएम के डॉक्टरों व मेडिकल स्टूडेंटस के सहारे आपातकालीन सेवाओं को सूचारू रुप से जारी रखा। जिससे मरीजों को कोई खास परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। अनिश्चिकालीन हड़ताल पर पहले दिन जिले भर में तैनात करीब 102 राजकीय डॉक्टरों में से 46 डॉक्टर हड़ताल में शामिल हुए।

वहीं, जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने सरकारी डॉक्टरों को कोरोना का संकट देखते हुए अपनी हड़ताल वापस लिए जाने की अपील की है।

शुक्रवार सुबह हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रधान विपिन गोंदवाल के नेतृत्व में करीब तीन दर्जन से अधिक राजकीय डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। जिससे सीएचसी, पीएचसी व सरकारी अस्पतालों में मरीज परेशान हो गए। मगर इसी बीच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एनएचएम चिकित्सकों व मेडिकल स्टूडेंटस को ओपीडी व आपातकालीन सेवाओं पर तैनात कर दिया। जिसके बाद मरीजों ने राहत की सांस ली।



**यमुनानगर।** जिला नागरिक अस्पताल में ओपीडी में जांच करवाते हुए मरीज।

### दो साल से कर रहे हैं मांगो के लिए संघर्ष

एसोसिएशन के जिला प्रधान विपिन गोंदवाल ने बताया कि वह पिछले दो साल से अपनी मांगो को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की थी। उस समय सरकार ने उनकी मांगो को सही मानते हुए अपनी मौखिक सहमति दी थी। मगर इसे लागू करने के लिए लिखित में कोई सराकीर आदेश जारी नहीं किया गया। जिसकी वजह से उनकी मांगे लंबित पड़ी हैं और डॉक्टरों में रोष है। इसी बात को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु की गई है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती है तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

### ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं सूचारु रुप से हैं जारी

जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि आपातकालीन व ओपीडी सेवाएं सुचारु रुप से जारी हैं। उन्होंने कहा कि आजकल फिर से कोरोना संक्रमण बढ़ने के आसार पैदा हो रहे हैं। ऐसे में डॉक्टरों का हड़ताल करना उचित नहीं है। सरकार उनकी मांगो को जल्द पूरा करेगी। इसलिए उन्हें अपनी हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट जाना चाहिए।

### चिकित्सकों की हड़ताल रही बेअसर, सुचारू रही ओपीडी



**कुरुक्षेत्र।** नागरिक अस्पताल में मरीजों का चेकअप करते चिकित्सक।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के निर्देश पर प्रदेशभर में हुई सरकारी चिकित्सकों की हड़ताल का जिला में कोई असर नही दिखा। लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में ओपीडी में बैठे चिकित्सकों ने आम दिनों की तरह ही मरीजों का चेकअप किया। नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक ठंड में हुई बढ़ोतरी के कारण ज्यादातर बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों में खांसी, जुखाम, बुखार, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं ज्यादा देखने में आ रही हैं। ठंड के दिनों में ज्यादातर लोग लापरवाही बरतने के कारण बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। नागरिक अस्पतालों की ओपीडी में दिनभर मरीजों की कतारें लगी रहीं। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की मांग है कि राज्य सरकार चिकित्सकों के लिए एक विशेष कैडर का गठन करे। सीएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए। पीजी के लिए बॉन्ड राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख की जाए। प्रदेश में खाली पड़े डॉक्टरों के पदों को भरा जाए। बतां दे कि इससे पहले 27 दिसंबर को प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर हड़ताल पर रहे थे। अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली ने बताया कि प्रतिदिन की तर्ज पर करीब 120 से 150 की संख्या में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

# कनाड़ा में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगे 1.27 लाख

- आरोपियों ने चार लाख रुपये में कनाड़ा भेजकर नौकरी दिलवाने का दिया था झांसा
- पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव नागल निवासी देवी शरण को कनाड़ा भेजकर नौकरी दिलवाने के नाम पर आधा दर्जन लोगों ने एक लाख 27 हजार रुपये लेकर हड़प लिए। आरोपियों ने उसे चार लाख रुपये में कनाड़ा भेजकर नौकरी दिलवाने का झांसा दिया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव नागल निवासी देवी शरण ने सेक्टर-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 2022 में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात गौरी सहगल से हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करती है। उनका चंडीगढ़ सेक्टर 34 में फास्ट वीजा के नाम से कार्यालय है। आरोपी ने एक अक्तूबर 2022 को उसे अपने कार्यालय बुलाया। वह आरोपी की बातों में आकर उसे मिलने के लिए उसके कार्यालय में गया। जहां गौरी सहगल ने उसकी मुलाकात सुखबीर सिंह, कर्मवीर, सौरव, निखिल गुप्ता व आरुसी से करवाई। आरोपियों ने उसे कनाड़ा भेजकर नौकरी दिलवाने की बात कही। इसके लिए आरोपियों ने उससे चार लाख रुपये की मांग की। कुछ रुपये विदेश जाने से पहले और बाकी कनाडा जाने के बाद देने तय हुए। आरोपियों की बातों में आकर वह कनाड़ा जाने को तैयार हो गया। आरोपियों ने उसके विभिन्न दस्तावेज लिए और कई कागजों पर साइन करवाए। अक्तूबर 2022 से जनवरी 2023 तक आरोपियों ने उससे अलग अलग कर एक लाख 27 हजार रुपये ले लिए।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने जारी की एनईपी 2020 यूजी प्रथम समेस्टर की डेट-शीट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी 2020 को सभी महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 से लागू कर दिया है व इस कड़ी में विश्वविद्यालय एनईपी 2020 को लागू करने वाला देश व प्रदेश का प्रथम विश्वविद्यालय बन गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी 2020 के यूजी प्रथम सेमेस्टर की डेट-शीट भी जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि एनईपी 2020 के लिए आईयूएमएस पोर्टल 29 दिसम्बर, 2023 से परीक्षा फॉर्म व ऑनलाइन फीस लेने हेतु खोल दिया गया है व 4 जनवरी, 2024 तक सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरवाने होंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 28 दिसंबर, 2023 को सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक ऑनलाइन मीटिंग आयोजित की गई थी।

# हुडा ने एंजेल प्राइम मॉल को सील किया

- मॉल के अवैध निर्माण के खिलाफ जोगिंद्र स्वामी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सन 2018 से विवादों में रहे एंजेल प्राइम मॉल सेक्टर 11 - 12 पानीपत को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सील कर दिया गया। कार्रवाई के लिए प्रशासन द्वारा वीरेंद्र मलिक निगम अभियंता को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया और एचएसवीपी में कार्यरत रामपाल कुंडू कनिष्ठ अभियंता द्वारा सील कर दिया गया सीलिंग के समय काफी संख्या में पुलिस बल दुकानदार और स्थानीय लोग इकट्ठा थे। ज्ञात रहे की एंजेल प्राइम मॉल में बने बैंकट हॉल को लेकर जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद द्वारा 2016 से स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आंदोलन चलाया जिसमें पूर्व मेयर सरदार भूपेंद्र सिंह, आरडब्ल्यूए प्रधान सेक्टर 11- 12, जगदीश कालड़ा ,बाजार प्रधान गौरव लिखा, स्वर्गीय लकी शर्मा,विक्की बत्रा, जन आवाज सोसाइटी के काफी सदस्य जिसमें डीपी ग्रोवर, रंजीत भोला, सरदार कवलजीत सिंह, अमित, नरेश गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे। 2017 में तत्कालीन उपायुक्त चंद्रशेखर खरे द्वारा माल को सील करने का नोटिस दिया गया, लेकिन सील करने से एक दिन पहले ही नोटिस को कैंसिल कर दिया गया जिससे पीड़ित होकर 2018 जोगिंदर स्वामी द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। हुडा, उच्च न्यायालय को भी यह कहकर लगातार 5 सालों तक गुमराह करता रहा की इस पर कार्रवाई करना नगर निगम का कार्य है और उन्होंने यह सेक्टर नगर निगम के हवाले कर दिया है।



**पानीपत।** एंजेल प्राइम मॉल को सील करते हुए हुडा के अधिकारी।

# अनाधिकृत तीन कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

- जेसीबी मशीन से तीन अनाधिकृत कॉलोनियों में बन रहे अवैध निर्माण को ढ़हाकर किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग का अनाधिकृत कॉलोनियों में शिकंजा कसना जारी है। इसी क्रम में विभाग की टीम ने शहरी क्षेत्र में बन रही तीन अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी डीआर पचीसिया ने लोगों को अपनी खून पसीने की कमाई को अनाधिकृत कॉलोनियों में निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया है। जिला नगर योजनाकार डीआर पचीसिया ने बताया कि विभाग द्वारा जिले में अनाधिकृत कॉलोनियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्हें सूचना मिली थी कि यमुनानगर-जगाधरी के शहरी क्षेत्र में एक अनाधिकृत कॉलोनी दो एकड़ में और दूसरी तीन एकड़ में तथा तीसरी कॉलोनी डेढ़ एकड़ में बन रही है। जिसमें अवैध रुप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए नायब तहसीलदार जगाधरी अभिनव कुमार और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सबसे पहले छछरौली-बिलासपुर मार्ग स्थित दो एकड़ में बन रही अनाधिकृत कॉलोनी से सड़कों, सीवरेज के साथ-साथ डीपीसी को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया।



**यमुनानगर।** शहरी क्षेत्र में अनाधिकृत कॉलोनी में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी मशीन।

### अनाधिकृत कॉलोनियों में ना करें निवेश

जिला नगर योजनाकार डीआर पचीसिया ने जिलेवासियों से अनधिकृत कॉलोनी में अपनी कमाई का निवेश न करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी भूखंड खरीदने से पहले डीटीपी कार्यालय में संपर्क करें। नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व भूमि उपयोग परिवर्तन अनुमति प्राप्त करने के लिए नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के पोर्टल में

# रिश्ता टूटने से दुखी मिस्त्री ने सुसाइड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। वहीं, जीआरपी थाना में दी शिकायत में गोविंद निवासी गांव डिडवाडी जिला पानीपत ने बताया कि उसके दो बेटे बड़ा बेटा अंकुर व छोटा विकास है। अंकुर, नारायणा रोड समालखा पर बाइक मिस्त्री का काम करता था। 27 दिसंबर को उसके बेटे अंकुर ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले अंकुर ने एक सुसाइड नोट भी लिखा था। लेकिन उस दौरान परिजनों ने सुसाइड नोट की अपने तौर पर जांच-पड़ताल करने के बाद पुलिस को आगामी बयान देने के बारे में कहा था। एक दिन जांच-पड़ताल करने के बाद परिजनों ने सुसाइड नोट के आधार पर जीआरपी को शिकायत दी है। गोविंद ने बताया कि सुसाइड नोट में जो लिखा है, वह सब सही है। करीब तीन माह पहले मोनू पंडित निवासी गांव मनाना ने उसके बेटे का रिश्ता अपने गांव निवासी एक युवती के साथ करवाया था। शादी करवाने के लिए मोनू पंडित ने उसके बेटे से एक लाख रुपए नकद लिए थे। रिश्ता तो करवा दिया, लेकिन शादी नहीं करवाई थी।

## जिला में 33 परीक्षा केन्द्र स्थापित, 9685 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

# डीसी ने सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीसी अनीश यादव ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से 31 दिसंबर को आयोजित करवाई जाने वाली सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षा को जिला में नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को नर्दिश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। परीक्षा के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की दृढ़ता से अनुपालना सुनश्चिति की जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षाओं के लिए जिला में 33 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 9685 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिला में उक्त परीक्षा केवल प्रातः कालीन सत्र में होगी, परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8.30 बजे से 9.30 बजे तक प्रवेश कर सकेंगे। बिना एडमिट कार्ड के कोई भी परीक्षार्थी प्रवेश नहीं कर सकेगा। परीक्षा के दौरान मोबाइल के प्रयोग पर पूर्णतयाः प्रतिबंध रहेगा। बैठक में डीसी ने परीक्षा केन्द्र अधीक्षक को नर्दिश दिए कि वे अपने-अपने परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, जैम्बर तथा बायोमेट्रिक मशीन इत्यादि की समय रहते उपलब्धता सुनश्चिति करें। इसके अलावा सभी कमरों में साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था करवाई जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर कानून व ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने की जम्मिेदारी पुलिस विभाग की रहेगी। उन्होंने बताया कि असंध के एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढुल को इस लिखित परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।




**करनाल।** लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ मीटिंग करते डीसी अनीश यादव।

### ड्यूटी मजस्ट्रिेट-कम-फलांईग क्वॉयड ऑफिसर नियुक्त

डीसी अनीश यादव ने बताया कि प्रशासन की ओर से सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा को नकलरहित एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए विभन्नि विभागों के अधिकारियों को ड्यूटी मजस्ट्रिेट-कम-फ्लाईंग क्वॉयड ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इनमें काडा के कार्यकारी अभियंता हरिदेव काम्बोज, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता धर्म सुहाग, मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता विजेन्द्र सैनी, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता परमजीत सिंह सिहाग व यशवीर सिंह, जिला योजनाकार ओम प्रकाश, लोक नर्मिाण विभाग के कार्यकारी अभियंता अमित कुमार, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सतीश कुमार तथा एचवीपीएनएल के कार्यकारी अभियंता रणदीप चौहान का नाम शामिल है बैठक में असंध के एसडीएम एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ढुल जिला शक्षिा अधिकारी राजपाल चौधरी, डीएसपी नायब सिंह, सभी ड्यूटी मजस्ट्रिेट-कम-फलांईग क्वॉयड ऑफिसर तथा परीक्षा केन्द्र अधीक्षक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर से टैम्पू चोरी पीड़ित ने की शिकायत

**घरौंडा।** गांव फुरलक में घर के सामने से खड़ा एक छोटा टैम्पू चोरी हो गया। टैम्पू मलिक ने मामले की शिकायत पुलिस को की है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। गांव फुरलक निवासी राम रतन में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि 28 दिसंबर को अल सुबह करीब 1:30 बजे इसका एक छोटा टैम्पू जो उसके घर के सामने ही खड़ा था चोरी हो गया है।

### इनेलो में ही सुरक्षित हैं महिलाओं के हक

**कुरुक्षेत्र।** मिशन 2024 की तैयारियों में जुटी इंडियन नेशनल लोकदल ने संगठन को मजबूत बनाते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति का ऐलान कर दिया है। बीते कई वर्षो से पार्टी के झंडे के नीचे कुरुक्षेत्र की राजनीति में सक्रिय तनुजा को पार्टी ने कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष महिला विंग नियुक्त किया है। इनेलो नियुक्त महिला अध्यक्ष तनुजा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला, पार्टी महासचिव अभय सिंह चौटाला, महिला विंग महासचिव सुनैना चौटाला और संगठन का आभार व्यक्त किया है।

## सोहाना और छपरा जागीर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोगों को बताई सरकार की योजनाएं

# जनसंवाद कर जानी लोगों की समस्याएं

### आने वाला समय तकनीक से जुड़कर आगे बढने का: हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि आने वाला समय तकनीक से जुड़कर आगे बढ़ने का है। किसानों को भी तकनीक का फायदा उठाना चाहिये। खेतों में दवा छिडक़ाव के लिये ड्रोन इस्तेमाल करने से समय और धन दोनों की बचत होती है। स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव नहीं पड़ता। फसल पर छिडक़ाव भी समान रूप से होता है।

कल्याण आज सोहाना गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की।



इंद्री। विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये गये। समाजसेवी जोगेंद्र राणा द्वारा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। सरपंच रेखा रानी ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। दोपहर बाद यात्रा छपरा जागीर पहुंची।

विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुक्त कंठ से सराहना करते हुये कहा कि वे राष्ट्रभक्त हैं और गरीब परिवार से उठकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंचे हैं। श्री मोदी देशहित में फैसले ले रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाये जाने के बाद वहां के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि राज्य में ई-टेंडरिंग, पोर्टल और ऑनलाईन व्यवस्था लागू करने से भ्रष्टाचार पर रोक लगी है कल्याण ने कहा कि सरकार महापुरूषों की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को खासकर युवाओं को यह संदेश देना चाहती है कि वे महापुरूषों के दिखाये रास्ते पर चलें तथा समाज व देशहित के लिये भी कार्य करें। इस मौके पर उन्होंने 1700 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे रिंग रोड, यमुना बैल्ट में क्रमोन्नत कर सीनियर सेकंडरी बनाये गये 12 स्कूल, गांव के नजदीक से गुजर रही नहर की खुदाई व पक्का करने, मेरठ रोड के चौड़ाकरण, करनाल में नई चीनी मिल के निर्माण आदि का जिक्र करते हुये कहा कि भाजपा झूठे वादे नहीं करती। आज हलके में धरातल पर करोड़ों के विकास कार्य हो रहे हैं। चाहे वह कुटेल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल विश्विविद्यालय बनाने का बाते हो या हलके में 70 नई सडक़ों के निर्माण की। अराईपुरा में एनसीसी अकादमी भी मंजूर हो चुकी है। श्री कल्याण ने आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, दयालु योजना आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के प्रति वचनबद्ध है।

### विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा गांव-गांव जाकर

**इंद्री।** केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं इन सभी योजनाओं का लाभ गरीब एवं वंचित लोगों को मिले, इसके लिए देश में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है ताकि लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके उनका लाभ उठा सकें। यह शब्द विधायक रामकुमार कश्यप ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इंद्री विधानसभा के गांव शेरगढ, नठोडी व कमालपुर गडरियान में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहें। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सबसे प्रथम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य एवं बागवानी विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर विशेष रूचि दिखाई और इन स्टॉलों पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। विधायक रामकुमार कश्यप ने विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा कार्यक्रम में बताया कि अब हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी इसके लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी है। उन्होंने ने कहा कि ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। सरकार के इस निर्णय से 100 लोगों में से 60 गरीब परिवार के लोगों को नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उद्देश्य प्रत्येक परिवार में चूल्हा जले इसके लिए लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। विधायक ने कहा कि गरीब लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाकर सरकार स्व

#### पांच लोगों के बनाये आयुष्मान कार्ड

गांव सोहाना में आज निर्मल, रोशन, लीलू राम, रोहतास व रामलखन के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। सतबीर की मौके पर ही पैंशन बनाई गई।

#### दो महिलाओं को गैस कनेक्शन

इस मौके पर पूजा व कमलेश को उज्जवला योजना के तहत मुक्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया। सरपंच को विधायक ने जल जीवन मिशन की ओर से अभिनंदन पत्र सौंपा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहत्ता, एसईपीओ सत्यवान इंदौरा, सरपंच रेखा रानी, हरबंस लाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

## प्रॉपर्टी टैक्स की छूट में लाभ लेने के मात्र दो दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- 31 दिसंबर छूट का आखिरी दिन, प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर उठाएं छूट का लाभ

बकाया सम्पत्ति कर भरने में मिल रही छूट को केवल 2 दिन बचे हैं। इसे देखते नगर निगम की ओर से अवकाश के बावजूद शनिवार व रविवार को नागरिक सुविधा केन्द्र यानि सी.एफ.सी. के काउंटर सम्पत्ति कर भरने के लिए खुले रहेंगे, ताकि नागरिक अपना प्रॉपर्टी टैक्स अदा कर छूट का लाभ उठा सकें। समय प्रातः 10 से दोहपर 3 बजे तक रहेगा। शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से प्रदेश के सम्पत्ति कर दाताओं को अच्छी-खासी छूट का लाभ दिया जा रहा है, जिसका शहरवासी फायदा भी उठा रहे हैं। छूट की जानकारी देते उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर दाता आगामी 31 दिसम्बर 2023 तक, वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के सम्पत्ति कर से जुड़े सभी बकायों की एकमुश्त अदायगी करने पर समस्त ब्याज माफी का लाभ ले सकते हैं। ऐसा करने वाले नागरिक को सम्पत्ति कर की बकाया मूल राशि यानि एरियर पर भी 15 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।

## प्रोत्साहन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- जिला स्तरीय पठन प्रोत्साहन माह कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कक्षा 6 से 12 तक कुल 168 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जिला स्तरीय पठन प्रोत्साहन माह (पढ़े भारत-बढ़े भारत) कार्यक्रम का आयोजन डीपीसी उर्वशी विज के मार्गदर्शन में किया गया। डीपीसी उर्वशी विज ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों को आगे बढने का एक अवसर मिलता है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एपीसी अंजू ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक से हिंदी डिबेट, अंग्रेजी में टेंस का प्रयोग, हिंदी-अंग्रेजी कहानी व कविता, हिंदी व अंग्रेजी में वर्तनी में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिलेभर के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कक्षा 6 से 12 तक कुल 168 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एपीसी अंजू ने कहा कि वर्तनी प्रतियोगिता से बच्चों में शब्दकोष का विस्तार होगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिक्षा का महत्व, स्वास्थ्य देखभाल आदि विषयों से परिचित एवं जागरूक होंगे। कहानी लेखन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चे भावनाओं की अभिव्यक्ति कर पाते हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले डीपीसी उर्वशी विज के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ चढकर भाग लेना चाहिए। निर्णायक मंडल इस दौरान पीजीटी रेखा, सतीश कुमार, डा. सुमन सुलेख, प्रवीन चौधरी, कर्मजीत, अरूण कैहरबा, शीशनपाल, शैली नागपाल, तारो देवी, सुमित बंसल, कृष्ण कुमार, उषा रानी, यशपाल, अशोक, सतीश, प्रदीप, दिनेश आदि पीजीटी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

#### इस प्रकार रहे परिणाम

कविता लेखन में कक्षा 9 से 12 में 12वीं में तनु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादुपुर रोडान, 11वीं में प्रीती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांवत नीलोखेड़ी, 10वीं में कमलेश राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौरा, 9वीं में निशा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन में कक्षा 9 से 12 में 9वीं में वंदना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कारसा डोड, 10वीं में अमत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरक, 11वीं में पूजा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरक, 12वीं में कामना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेखपुरा सोहाना ने प्रथम स्थान पाया। डिबेट में छठी कक्षा में आंचल, सातवीं में पल्लवी, 8वीं में गुंजन, 9वीं में इशिका, 10वीं में आदर्श, 11वीं में स्नेहा और 12वीं में साक्षी ने पहला स्थान पाया। इस अवसर पर डीपीसी उर्वशी विज, एपीसी अंजू, मीडिया कोर्डिनेटर दलीप सिंह नबीपुर, बीआरपी धर्मन्द्र चौधरी, रविंद्र सिल्पी, लेक्चरर सुधा बजाज कुंजपुरा, प्रवीण चौधरी नीलोखेड़ी, एबीआरसी युगल किशोर, कर्ण, निशा कांबोज, नितू कांबोज, पूनम, सीमा, नेहा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। प्रो. राजीव कुमार वार्ष्णेय को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो: हरिभूमि

### प्रो. राजीव कुमार वार्ष्णेय को मिला

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति व गोयल पुरस्कार समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा 16वें राजीब गोयल पुरस्कार समारोह में प्रो. राजीव कुमार वार्ष्णेय को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए जीव विज्ञान के क्षेत्र में युवा वैज्ञानिक के लिए राजीब गोयल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि वैज्ञानिकों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दिया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने प्रोफेसर राजीव कुमार वार्ष्णेय के उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज दिया जा रहा पुरस्कार डॉ. राजीव वार्ष्णेय के अभूतपूर्व शोध के लिए हमारे देश की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिसने न केवल फसल की पैदावार बढ़ाई है बल्कि जलवायु परिवर्तन, कीटों और अन्य प्रतिकूलताओं की चुनौती का सामना करने में मदद की। गोयल पुरस्कार समिति के सह-अध्यक्ष प्रोफेसर एसपी सिंह ने गोयल पुरस्कारों की स्थापना और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी।

## फुरलक की छात्रा खुशी ने रखी समस्या, समाधान पूरे प्रदेश का हुआ

- विधायक हरविंदर कल्याण ने जताया मुख्यमंत्री का आभार
- बुनियाद योजना के अन्तर्गत शिक्षा पाने वाले छात्रों के यातायात का खर्च उठाएगी प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



"अंकल, मैं फुरलक स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा हूँ तथा सरकार की बुनियाद योजना के अन्तर्गत कोचिंग लेने के लिए करनाल जाती हूँ परन्तु मेरा बस का पास नहीं बनता जिसके कारण मुझे पूरा किराया भरना पड़ता है जबकि हमारे परिवार की कंडीसन अच्छी नहीं है" तीन दिन पूर्व जब विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा घरौंडा विधानसभा के गांव फुरलक पहुंची तो जनसंवाद के दौरान ख़ुशी नामक छात्रा ने विधायक हरविन्द्र कल्याण के सामने अपनी यह बात रखी। स्कूली छात्रा ने विधायक कल्याण को एक लिखित अर्जी भी दी जिसमें उसने यह आवेदन किया कि वह फुरलक के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की छात्रा है तथा सरकार की 'बुनियाद योजना' के तहत करनाल में कोचिंग कर रही है परन्तु उसको सरकार की ओर से यातायात की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसके कारण उसे सरकारी बस में भी पूरा किराया भरना पड़ रहा है। विधायक कल्याण ने मौके पर जब जिले के शिक्षा व परिवहन विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि 'बुनियाद योजना' के अन्तर्गत शहर जाकर कोचिंग लेने या शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों के लिए राज्य परिवहन की बसों में फ्री पास का कोई भी प्रावधान नहीं है। विधायक कल्याण ने गुरुवार को चंडीगढ़ में केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक में छात्रा के इस विषय को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष उठाया जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विभाग को 'बुनियाद योजना' में पंजीकृत छात्रों के लिए यातायात का प्रावधान करने के आदेश जारी कर दिए। विधायक कल्याण ने बताया कि इस संदर्भ में शिक्षा विभाग द्वारा जल्द निर्देश जारी कर दिए जाएंगे तथा अब 'बुनियाद योजना' के अन्तर्गत शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों के यातायात का खर्चा प्रदेश सरकार वहन करेगी जिससे उन छात्रों के परिजनों के ऊपर वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल समाज के हर वर्ग की समस्याओं के समाधान के प्रति अति संवेदनशील हैं। उन्होंने 'बुनियाद योजना' के अन्तर्गत शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की इस समस्या का समाधान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## जलवायु परिवर्तन पर दिया प्रशिक्षण

- वनों की संख्या में कमी जलवायु परिवर्तन का मुख्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला प्रशिक्षण केंद्र में एकदिवसीय ओरिएंटेशन एवं सेंसटाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली ने जिला भर से आई महिलाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप- सिविल सर्जन डॉ. अंजलि वैद्य ने की और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. कृष्ण दत्त विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर डॉ. शैली ने जलवायु परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवीय गतिविधियां, ओजोन परत का लगातार कमजोर होना, शहरीकरण, औद्योगिकरण, हरित ग्रह प्रभाव, विद्युत उत्पादन, पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधन का अधिक मात्रा में प्रयोग, सौर विकिरण और वनों की संख्या में कमी जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारण हैं। डा. शैली ने कहा कि वन्य जीवन में कटाव और अंधाधुंध अवैज्ञानिक औद्योगिकरण बाढ़ का मुख्य कारण है। जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के उपायों की चर्चा करते हुए डॉक्टर शैली ने कहा कि यदि हमने इसके होने वाले कारणों पर रोक न लगाई तो हम आने वाली पीढियां को विरासत में क्या देकर जाएंगे, ,यह सोचने का विषय है। उन्होंने जनता से एक शेर के माध्यम से अपील की कि /"पहाड़ों में पड़ी उन संजीवनी बूटियों को संभालो, कल नहीं तो कोई लक्ष्मण नहीं बच पाएगा।/" डॉ.शैली ने कहा की कि /" धरती पर एक पेड़ तो अपलोड करके देखिए,बादलों के सैकड़ो झुंड आएंगे लाइक करने के लिए और जो पृथ्वी से प्यार नहीं करता, वह अपने जीवन में किसी से प्यार नहीं कर सकता।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली।

### जरूरतमंदों को वितरित की गई जर्सियां

**तरावड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सावंत में शुक्रवार को महावीर सोलवेंट तरावड़ी के एम.डी. तनष्कि खुराना की ओर से 108 आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को जर्सियां वितरित की। इस वद्यिालय में आसपास के पांच गांवो के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने आते है। इस अवसर पर नगरपालिका तरावड़ी के प्रधान विरेंद्र बंसल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर तनष्कि खुराना ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें यहां आकर बच्चों का सहयोग करने का मौका मिला। उन्होने कहा कि देश का हर बच्चा अपने भीतर एक अलग प्रतिभा लेकर जन्म लेता है और आमतौर पर देखा गया है कि आर्थिक व परिवार के कारणों से काफी बच्चों की प्रतिभा भीतर ही दम तोड़ जाती है। उन्होंने आर्थिक रुप से सम्पन्न लोगों से आग्रह किया कि वह समय समय पर इस तरह के स्कूलों को जाकर स्कूल के अध्यापकों से बातचीत करे।

### सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा के मद्देनजर धारा 144 लागू

**करनाल।** जिलाधीश अनीश यादव ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से 31 दिसंबर को आयोजित करवाई जाने वाली सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। उक्त परीक्षा को नकलरहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए जिले में आपराधिक अधिनियम 1973 की धारा 144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के निकट निषेधाज्ञा 31 दिसम्बर के लिए लागू कर दी है। जिलाधीश ने यह आदेश परीक्षा को नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से जनहित में जारी किये हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर खड़े नहीं होंगे, किसी भी व्यक्ति के अग्निशस्त्र, तेज हथियार लाठी, भाला, बरछा, जेली, गंडासा मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

## खोखे संचालको ने रोजगार जाने के डर के साथ सुनाया अपना दुखड़ा

# चाय वालों को खोखे हटाने का मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नई अनाज मंडी में पीछले कई वर्षों से चाय की अस्थाई दुकान लगाकर अपने आजीविका कमा रहे चाय संचालकों को मार्केट कमेटी द्वारा खोखे हटाने का नोटिस दिए जाने से चाय संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। खोखे संचालको का कहना है कि अगर उन्हें मंडी से उठा दिया गया तो उनका रोजगार खत्म हो जाएगा और परिवार का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो जाएगा। बता दे की अनाज मंडी में पिछले काफी वर्षों से करीब चार र्जन व्यक्ति जगह-जगह पर चाय बनाने के खोखे रखकर मेहनत मजदूरी का कार्य कर रहे हैं। लेकिन



पिछले कुछ दिनों पहले मार्केट कमेटी की ओर से इन खोखे संचालको को एक नोटिस जारी कर दिया गया कि वह एक सप्ताह में अपने खोखे यहां से उठकर बाहर ले जाए अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मार्केट कमेटी द्वारा नोटिस प्राप्त होते ही सभी खोखे संचालकों में हड़कंप मच गया। और सभी खोखे संचालक बड़ी मात्रा में एकत्रित होकर नोटिस हाथों में लिए मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंच गए। एडवोकेट जेपी शेखपुरा की अध्यक्षता में मार्केट कमेटी पहुंचे खोखे संचालकों व जेपी शेखपुरा ने बताया कि अनाज मंडी में पिछले कई वर्षों से चाय इत्यादि बचने के लिए किसी प्रकार का कोई टेंडर नहीं लगा है। लेकिन फिर भी मार्केट कमेटी कार्यालय की ओर से इन गरीब आदमियों के पास खोखे उठाने के नोटिस भेज दिए गए हैं जो बिल्कुल गलत है। चाय बेचने वाले कुछ खोखे के संचालकों ने बताया कि मंडी में एक महिला खोखा संचालक के साथ किसी आढ़ती का झगड़ा हो गया था। जिसको लेकर मार्केट कमेटी में उसे महिला के खिलाफ तो कोई कार्रवाई की नहीं बल्कि सभी खोखे संचालकों को नोटिस जारी कर दिए। जो बिल्कुल गलत है क्योंकि मंडी में करीब 50 परिवार ऐसे हैं जो चाय के खोखे लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। और कई लोग तो ऐसे हैं जिन्होंने ब्याज पर राशि उठकर चाय पानी का खोखा लगाया हुआ है। ऐसे में अगर उनके खोखे यहां से हटवा दिए गए तो वह भूखे मरने की कगार पर आ जाएंगे। उधर मार्केट कमेटी अधिकारी सतवीर ने बताया कि नोटिस दिए जाने के विरोध में कुछ खोखा संचालक मार्केट कमेटी में आए थे मार्केट कमेटी सचिव न होने की वजह से उन्हें सोमवार का समय दे दिया गया है।

### चार साहिबजादों के शहीदी दिवस को श्रद्धा से मनाया

**थानेसर।** बाबा जीवन सिंह एवं मजहबी सिख सुधार सभा फौजी कॉलोनी की ओर से गुरुद्वारा फौजी कॉलोनी में गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों का शहीद दिवस मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में गुरुग्रंथ साहिब जी की हजूरी में साध संगत ने अरदास की। साध संगत को संबोधित करते हुए हिन्दू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने कहा कि साहिबजादो की राष्ट्रभक्ति और धर्मनिष्ठा सदैव हर भारतवासी को राष्ट्र व संस्कृति के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा देती रहेगी। साहिबजादो ने छोटी उम्र में मातृभूमि व धर्म की रक्षा हेतु दुश्मनों का बहादुरी से सामना किया। इस अवसर पर संगत को दूध व बिस्कुट का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सभा के प्रधान संजीव सिंह सन्नी, उप प्रधान गुरचरण सिंह, महामंत्री कुलवंत सिंह भट्टी रहे।

## कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार की अधिसूचना संख्या 8/4/2023-4CII दिनांक 17.10.2023 के अनुसार प्रोपर्टी टैक्स विवरण को स्वतः प्रमाणित करने उपरान्त जिन प्रोपर्टी धारकों का वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक बकाया प्रोपर्टी टैक्स ब्याज बकाया है, को दिनांक 31.12.2023 तक एक मुशत जमा करवाने वाले को कुल देय राशि पर लगे ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की गई है तथा जिनका वर्ष 2010-11 से 2022-23 का प्रोर्पटी टैक्स एरियर देय बनता है। उनको भी दिनांक 31.12.2023 तक टैक्स जमा करवाने पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है और चालु वितिय वर्ष 2023-24 के देय प्रोपर्टी टैक्स पर भी 15 प्रतिशत छुट प्रदान की गई है। अतः आप सभी शहरवासियों से अपील है कि जिस भी प्रोपर्टी मालिक / दुकानदार का प्रोपर्टी टैक्स बकाया है वह दिनांक 31.12.2023 तक जमा करवाकर, मौके का लाभ उठाए।

प्रशासक नगरपालिका नीलोखेड़ी — सचिव नगरपालिका नीलोखेड़ी

## खबर संक्षेप

### भाजपा हर वर्ग की हितैषी

**पानीपत।** भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने शुक्रवार को गांव नरायाना में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उपस्थित जन समूह का संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव, शहर-शहर तक पहुंचाने के मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है ताकि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंच सके।

### घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा

**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने गांव वजीरपुर टिटाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहरलाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है और यह उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### सीआईए टू पुलिस टीम ने चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने महादेव कॉलोनी घर में चोरी करने वाले दूसरे आरोपी जाकिर निवासी झुग्गी झोपड़ी नजदीक बस स्टैंड पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। जाकिर ने अपने साथी आरोपी मोनू के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में रमेश पुत्र जयपाल निवासी महादेव कॉलोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### धुंध में सावधानी बरतें वाहन चालक

**पानीपत।** उपायुक्त डा. वीरेंद्र कुमार दहिया ने आमजन से अपील की है कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दृष्टिगत वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों की पालन करें। उन्होंने कहा कि कोहरे के मौसम में विजिब्लिटी कम हो जाती है जिससे सडक पर हर समय हादसा होने का अंदेशा रहता है। साथ ही साथ वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल बिलकुल न करें। उन्होंने आमजन को धुंध के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि इस दौरान अति जरूरी हो तो ही यात्रा करें तथा ड्राइविंग से पहले मौसम के पूर्वानुमान की निगरानी करने के बाद ही गंतव्य के लिए प्रस्थान करें।

### बाबा श्याम का कीर्तन एक को

**पानीपत।** तीन बाणधारी मित्र मंडल द्वारा सेक्टर 13,17 स्थित हुडा के दशहरा ग्राउंड में 1 जनवरी नव वर्ष के उपलक्ष में पांचवा वार्षिक श्री श्याम वंदना महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। तीन बाण धारी मित्र मंडल के प्रधान मनोज जैन ने बताया कि कार्यक्रम में नव वर्ष का आगाज बाबा श्याम के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में श्री श्याम बाबा के पास अर्जी लगाने के लिए डाकघर भी बनाया गया है। श्याम बाबा को लगाई गई सभी अर्जियों को श्याम रथ के माध्यम से खाटू श्याम जी पहुंचाई जाएगी।

## प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों ने फ्ली मार्किट लगाई

# धन कमाने में कितनी मेहनत लगती है हर बच्चे को दें ज्ञान

### मार्किट में विद्यार्थियों ने उपयोगी वस्तुएं व घर पर बनाए व्यजनों को बेचा

- वाइस चेयरमैन ने फ्ली मार्किट में भाग लेने वाले बच्चों की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में फ्ली मार्किट का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा फ्ली मार्किट लगाई गई। पांचवीं, छठी व सातवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मार्किट में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस मार्किट में विद्यार्थियों ने उपयोगी वस्तुएं व घर पर बनाए व्यजनों को बेचा। यह बाजार बहुत ही अद्भुत था। इसमें बच्चों ने कुछ गेम्स स्टॉल भी लगाए। विद्यार्थियों ने इस मार्किट से बहुत कुछ खरीदा। वहीं विद्यार्थियों ने क्रय- विक्रय के मूल्य को समझा। इसके साथ साथ स्कूल में पिछले तीन दिनों से पुस्तक मेला भी आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक व अपनी पसंदीदा किताबें खरीदी। प्रिंसिपल अंजू गुप्ता ने कहा कि अभिभावक धन कमाने में कितनी मेहतन करते है इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, इसके चलते ही फ्ली मार्किट का आयोजन हुआ। वहीं हर टीचर्स व परेंट्स को अपने बच्चों को मेहनत करना सीखा चाहिए। तभी बच्चों को धन कमाने के महत्व का पता चल पाएगा। उन्होंने फ्ली मार्किट की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया है यह एक जरिया है कि बच्चों को पैसे का मूल्य समझ आए व क्रय विक्रय के बारे में अच्छी जानकारी ग्रहण कर सकें। वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा जी ने भी फ्ली मार्किट में भाग लेने वाले बच्चों की प्रशंसा की।

# गलत आदतों को सुधारना चाहिएः रजनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा कार्यक्रम में मुख्यअतिथि रजनी गुप्ता बच्ची को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पानीपत के गांव सिठाना में ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से बड़ी सी आशा कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने शिरकत की। ब्रेकथ्रू संस्था के प्रदीप कुमार ने बताया कि यह अभियान 16 दिसंबर से चला हुआ है और 6 जनवरी तक चलेगा जो हरियाणा के छः जिलों के 128 गांवो में दिखाया जाएगा। संस्था द्वारा हमारी समस्या हमारे प्रयास नामक नुक्कड़ नाटक का आयोजन गांव में किया जा रहा है। नाटक के अंदर दिखाया जा रहा है की किस तरह से समाज के अंदर ब्रेकथ्रू संस्था के कार्यों से लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। मुख्य अतिथि रजनी गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह करना कानूनी अपराध है और अगर कोई भी ऐसा करता पाया जाता है तो उसके लिए सजा व दंड के प्रावधान है इसलिए हमे खुद को इन चीजों से बचाना है ओर अन्य लोगों को भी जागरूक करना है। प्रिंसिपल मीनाक्षी शर्मा ने कहा ब्रेकथ्रू संस्था के कार्यों से स्कूल के बच्चे दिन प्रतिदिन नई चीजें सीखते है ओर हम संस्था का कार्यक्रम के लिए धन्यवाद करते है। इस मौके पर ब्रेकथ्रू से प्रवीण व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रदीप कुमार ने किया।

### मडलौडा तहसील को मिलेगी नई बिल्डिंग

**पानीपत।** मडलौडा तहसील में एक ही छत के नीचे राजस्व से जुड़े काम होंगे और लोगों को रजिस्ट्री, इंतकाल व अन्य कार्यो के लिए एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके लिए मडलौडा तहसील की नई बिल्डिंग साढ़े तीन एकड़ में बनाई जाएगी। जिसके लिए राजस्व विभाग की ओर से एक करोड़ 41 लाख 50 हजार रुपये लोक निर्माण विभाग को दिए जा चुके हैं। राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। पंवार ने बताया कि उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री से कई बार अनुरोध किया था कि मडलौडा के लोगों को राजस्व के कार्यो के लिए तहसील में आना पड़ता है। तहसील में कम जगह होने के कारण उन्हें परेशानी होती है।

### विकास कार्यों पर खर्च होंगे 35 करोड़ रुपये

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की और तेजी से कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री की कार्यशैली के प्रति लोगो को विश्वाश है। उनके मार्गदर्शन में देश का हर नागरिक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करेगा। यह बात राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव चमराडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित करते हुए कही। वे क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा से प्रयासरत हैं। उनहोंने मुख्यमंत्री से विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले सडकों के निर्माण की स्वीकृति ले ली है। उन्होंने बताया कि 10 करोड रुपए के तहत क्षेत्र का विकास किया जाएगा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उनकी इस स्वीकृति पर मोहर लगा दी है।


पानीपत। रिफाइनरी में मॉक ड्रिल का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

# पानीपत रिफाइनरी में आपदा ड्रिल की गई

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स (पीआरपीसी) द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के लिए पानीपत रिफाइनरी संयंत्र में विभिन्न विभागों के द्वारा हाइड्रोकार्बन गैस के खतरे एंव आग से निपटने की तैयारियों के सही आंकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आपदा ड्रिल के बाद एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए आपातकालीन समन्वयकों द्वारा दी गई रिपोर्ट की समीक्षा ईडी डहरिया तथा संबन्धित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। डहरिया ने इस मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना करते हुए इसमें और अधिक सुधार लाने के लिए अपने मूल्यवान सुझाव भी दिए।

# हर पात्र नागरिक अपना वोट बनवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- एसडी कॉलेज में नागरिकों को वोट बनवाने व चुनाव में मतदान करने के प्रति जागरूक किया


पानीपत। एसडी कालेज के विद्यार्थी नागरिकों को वोट बनवाने के प्रति जागरूक करते हुए।

एसडी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा नव वर्ष के आगमन पर मतदाताओं को वोट बनवाने और मताधिकार के इस्तेमाल करने के बारे एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला निर्वाचन कार्यालय व जिला प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। एनएसएस कार्यकताअरं ने जिला सचिवालय, पानीपत बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और कई आवासीय कालोनियों में जाकर लोगो को अपना वोट बनवाने के लिए प्रेरित करके वोट बनवाने की प्रक्रिया को समझाया एवं आवेदकों के फार्म भरे। प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा ने स्वयंसेवकों को निर्भीकता, जागरूकता और निरंतरता के साथ वोट डालने की शपथ दिलाकर उन्हें मिनी सचिवालय के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डा. राकेश गर्ग, प्रो. मनोज कुमार, दीपक मित्तल, चिराग सिंगला आदि भी उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों ने खुद की पहल पर कालेज प्रांगण से बाहर निकलकर अपने राष्ट्रीय कर्तव्य बोध का परिचय दिया और आमजन में वोट के महत्व और प्रजातन्त्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के प्रति उन्हें जागरूक किया। असल में मतदाता और उसका मत ही भारतीय लोकतंत्र या किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र का मूल आधार है। प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका सबसे अहम है। नागरिक ही सरकार चुनकर देश की दिशा तय करते हैं। ऐसे में सबसे पहला कार्य अपने वोट को बनवाना है ताकि समय आने पर नागरिक अपने वोट को दाल सके। कालेज के युवा स्वयंसेवकों ने जिस तरह इस जिम्मेदारी को उठाया है वह वाकई में काबिले तारीफ पहल है। प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारत एक गणतांत्रिक देश है और गणतांत्रिक देश में सबसे अहम होता है चुनाव और मत का प्रयोग। गणतंत्र एक यज्ञ की तरह होता है जिसमें मतों यानि वोटों की आहुति बेहद जरुरी मानी जाती है। एक वोट भी सरकार और सत्ता बदलने के लिए काफी होती है। वोट न बनवाना, वोट डालने में आलस करना और मेरे एक वोट से क्या बदलेगा जैसे तकिया कलामों की वजह से देश को कितना नुकसान हो सकता है हम इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। हम स्वयं को बदलेंगे तो, सिस्टम खुद ब खुद बदल जाएगा। एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने आस-पड़ोस के लोगों, रिश्तेदारों व मित्रों को वोट बनवाने व वोट डालने के महत्व के बारे में जागरूक किया।

## भारत विकास परिषद ने छात्रों को जर्सियां बांटीं


पानीपत। भारत विकास परिषद लव कुश शाखा पानीपत द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में जरूरतमंद 62 छात्रों को गर्म जर्सियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम आरती गुप्ता, अंजना गुप्ता, सुधीर गर्ग, डा. आरके गर्ग, राजेश गर्ग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वन्देमातरम के साथ हुआ। कार्यक्रम मे वाईस प्रिन्सिपल रतन नलवा एवं अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, महिला संयोजिका अंजना गुप्ता, सुधीर गर्ग, आरती गुप्ता, कृति गर्ग उपस्थित रहे।



### कन्या पूजन कर भंडारा का राशन लेकर श्रद्धालु हुए रवाना

**समालखा।** जय माता दी मां वैष्णो सेवा समिति द्वारा समालखा से 21वां भंडारा समिति के कार्यालय रेलवे रोड से कटरा के लिए रवाना हुआ। जिसमें सबसे पहले छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन किया गया। संस्थापक सदस्य पंकज गोल्डी ने बताया कि यह भंडारा सेवादारों के सहयोग से लगाया जाता है। इस भंडारे में लगभग 40 से 50 सेवादार समालखा से कटरा जाकर सेवा करवाते हैं। उसके बाद पंडित बाबूराम शर्मा द्वारा विधिवत रूप से गाड़ी का पूजन करके गाड़ी को रवाना किया गया। इस अवसर पर सुभाष बठाला, सन्नी नंदवानी, नरेश गिरधर ,संजीव खन्ना, अमित ,सोहेल, कृष्ण, विपिन छाबड़ा, रवि हिंदुजा, अरुण गोयल, राजेश भारद्वाज एवं नमन अरोड़ा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


पानीपत। अयोध्या धाम के एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि रखने पर विभिन्न संगठन विधायक प्रमोद विज का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि रखने पर खुशी जताई

**पानीपत।** अयोध्या धाम एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट रखने पर विभिन्न संगठनों ने खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। खुशी का प्रदर्शन करते हुए वाल्मीकि समाज के लोगों ने विधायक प्रमोद विज व सांसद पुत्र चांद भाटिया को सिरोपा भेंट किया। उन्होने अपनी भावनाएं भारत सरकार तक पहुंचाने का भी आग्रह किया। भारत निर्माण परिषद के अध्यक्ष प्राण रत्नाकर ने कहा कि रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि जी के नाम पर एयरपोर्ट का नाम रखकर भारत सरकार ने अयोध्या धाम को संपूर्णता प्रदान करने का कार्य किया है। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद का भी आभार व्यक्त किया जो कि अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि मंदिर बनाने को लेकर कृत संकल्प है। इस अवसर पर रॉकी गहलोत, सत प्रकाश वैद, रमन कांगड़ा, राजीव लिडलान, सनी लिडलान, राजेंद्र प्रधान, रविंद्र मंडल, रमन लिडलान, विजय लोहट आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पानीपत युवा खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

# युवाओं को खेल के मैदान पर संवारना चाहिए भविष्य : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। एएसपी मयंक मिश्रा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

पानीपत पुलिस द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें नशे से दूर रखने की मुहिम चलाई गई है। इसी कड़ी में पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में जिला के ग्रामीण युवाओं के लिए सिवाह गांव स्थित खेल स्टेडियम में 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक चार दिवसीय पानीपत युवा खेल महोत्सव का आयोजन करवाया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी के मैच कराए गए। इनमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया और जीत के लिए जमकर पसीना बहाया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले शनिवार 30 दिसम्बर को करवाए जाएंगे। विजेता टीम को नकद इनाम की राशि, प्रशंसा पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिला के 45 से ज्यादा गांवों के 1500 से ज्यादा महिला व पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। एएसपी मयंक मिश्रा ने प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को स्टेडियम में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा की खेल को हमेशा खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल के मैदान पर हार व जीत दोनों में से एक मिलती है। खिलाड़ी को जीत की खुशी मनानी चाहिए, लेकिन हार से भी सबक लेकर दोबारा दोगुनी मेहनत के साथ मैदान पर उतरना चाहिए। खेल से मनुष्य में ईमानदारी, सहनशीलता, सद्भाव, सामंजस्य बिठाना तथा क्षमा करने जैसे गुणों का विकास करते हैं। जो मनुष्य को अच्छा इंसान बनाते हैं। इसके अलावा खेल नैतिकता व अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं।

### ये खिलाड़ी बने विजेता

कबड्डी का पहला मैच बुड़शाम व ग्वालड़ा के बीच खेला गया। बुड़शाम ने 23-19 अंक से मैच जीता। दूसरा मैच बिहोली व राजा खेड़ी के बीच खेला गया। राजा खेड़ी ने 23-16 अंक से मैच जीता। जबकि वॉलीबॉल का पहला मैच बाल जाटान व गढ़ी बेसिक के बीच खेला गया। बाल जाटान ने 15-07 अंक से मैच जीता। दूसरा मैच संजय कॉलोनी व सुताना के बीच खेला गया। संजय कॉलोनी ने 15-03 से मैच जीता। तीसरा मैच मुखीजा कॉलोनी व औसर के बीच खेला गया। मुखीजा कॉलोनी ने 15-12 से मैच जीता। इधर, रस्साकशी के मैच में लड़कों में नौल्था ने पानीपत पुलिस को हराया। महिलाओं की रस्साकशी में राजाखेड़ी ने पानीपत को हराया। महिलाओं की कबड्डी मैच गांजबड़ व पानीपत बीच खेला गया। गाजबंड़ ने 16-07 अंक से मैच जीता। तीन किलो मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में नीरज पानीपत, लक्ष्य बबैल व अक्ष्य गांजबड़ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। महिलाओं में रेखा खुखराना, विधि धनसौली व यशि अर्जुन नगर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

रोहित कुमार पुत्र स्व. श्री विपन कुमार पुत्र स्व. श्री तिलक राज पुत्र श्री कन्स राज निवासी मकान नं. 393 आर्य नगर, सैक्टर 13-17 तहसील व जिला पानीपत व आदि
बनाम
जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि रोहित कुमार पुत्र स्व. श्री विपन कुमार पुत्र स्व. श्री तिलक राज पुत्र श्री कन्स राज निवासी मकान नं. 393, आर्य नगर, सैक्टर 13-17 तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री तिलक राज पुत्र श्री कन्स राज की मृत्यु दिनांक 26.05.2000 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री तिलक राज पुत्र श्री कन्स राज के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. अश्वनी (पुत्र) 2. विपन कुमार (पुत्र मृतक) के ही जायज वारिस है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। मृतक की पत्नी श्रीमति रमेश रानी का दिनांक 13.03.2009 को देहान्त हो गया था व मृतक की माता स्व. श्रीमति राम प्यारी का अरसा पहले देहान्त हो गया था।
यह कि वारिस नं. 2 विपन कुमार पुत्र स्व. श्री तिलक राज का दिनांक 29.01.2018 को देहान्त हो गया है। वारिस नं. 2 विपन कुमार पुत्र स्व. श्री तिलक राज के देहान्त बाद निम्नलिखित वारिस हैं। 1. नीना (पत्नी) 2. सुनैना बेदी (पुत्री) 3. रचना सहगल (पुत्री) 4. रोहित कुमार (पुत्र) के ही जायज वारिस हैं। अनिता रानी पार्षद वार्ड नं. 1 नगर निगम पानीपत व लेखराज पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तसदीक की गई है।
उपर दर्शाये गये वारसानों के इलावा मृतक स्व. श्री तिलक राज पुत्र श्री कन्स राज का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। और इससे सत्यनारायण पटवारी द्वारा तसदीक किया गया हैं। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री तिलक राज पुत्र श्री कन्स राज के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/ अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

अनु रानी पत्नी श्री राजकुमार (पुत्री स्व. श्री बिशनदास सलूजा पुत्र उधो दास) निवासी मकान नं. 34 आर प्रकाश नगर पानीपत व आदि
बनाम
जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अनु रानी पत्नी श्री राजकुमार (पुत्री श्री बिशनदास सलूजा) निवासी मकान नं. 34 आर प्रकाश नगर पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री बिशन दास सलूजा पुत्र श्री उधा दास की मृत्यु दिनांक 26.11.2015 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री बिशन दास सलूजा पुत्र श्री उधा दास के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. अनु रानी पुत्री अकेली ही जायज वारिस है मृतक की पत्नी धनवन्ती का दिनांक 25.07.2020 को देहान्त हो गया है। मृतक की माता का अरसा पहले देहान्त हो गया है। अंजली शर्मा पार्षद वार्ड नं. 3 नगर निगम पानीपत व लेखराज पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।
उपर दर्शाये गये वारसानो के इलावा मृतक स्व.श्री बिशनदास सलूजा पुत्र उधो दास का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री बिशनदास सलूजा पुत्र उधो दास के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

किशन लाल सपुत्र श्री फतेह चन्द नि. म. नं. 100/7 सेटठी चौक जैन मोहल्ला पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक
हर आम खास को सूचित किया जाता है कि बिटु शर्मा सुपुत्र स्वर्गीय श्री बलदेव राज नि. म. नं. 606/16 भगत नगर तह. कैम्प पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि बलदेव राज की दिनांक 24.08.1998 को मृत्यु हो चुकी है व माता गंगा देवी व दादी मेला देवी की कफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। बलदेव राज की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/ उत्तराधिकारी हैं-

| | |
|---|---|
| 1. दलीप कुमार | सुपुत्र |
| 2. बिटु शर्मा | सुपुत्र |
| 3. निर्मल कुमारी | सुपुत्री |
| 4. बीना उर्फ गीता | सुपुत्री |
| 5. दर्शना कुमारी | सुपुत्री |
| 6. हेम बाला | सुपुत्री |
| 7. कुमारी नीतू | सुपुत्री |

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है वारसान की तसदीक अंजलि शर्मा नगर निगम पार्षद वार्ड नं. 3 पानीपत, रामपाल नम्बरदार व हल्का पटवारी सुभाष तरफ इंसार द्वारा दिनांक 29.12.2023 को हो चुकी है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/ नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारियों की बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29.12.23 को मेरे हस्ताक्षर व व्यायलय की मोहर द्वारा किया गया।
हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

सनत चौधरी पुत्र स्व. श्री राजिन्द्र चौधरी पुत्र स्व. श्री भवानी दास चौधरी पुत्र श्री परमा नन्द चौधरी निवासी मकान नं. 414 माडल टाउन पानीपत व आदि।
बनाम
जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सनत चौधरी पुत्र स्व. श्री राजिन्द्र चौधरी पुत्र स्व. श्री भवानी दास चौधरी पुत्र श्री परमा नन्द चौधरी निवासी मकान नं. 414 माडल टाउन पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री भवानी दास चौधरी पुत्र श्री परमा नन्द चौधरी का दिनांक 15.09.1996 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री भवानी दास चौधरी पुत्र श्री परमा नन्द चौधरी के देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस हैं- 1. राजिन्द्र चौधरी (पुत्र मृतक) 2. चक्रवर्ती चौधरी (पुत्र मृतक) 3. विजय रतरा (पुत्री मृतक) 4. सुशमा खन्ना (पुत्री मृतक) के ही जायज वारिस है। मृतक की पत्नी स्व. श्रीमति भागयवती का दिनांक 27.02.1988 को देहान्त हो गया है। मृतक की माता राम देवी का अरसा पहले देहान्त हो गया है।
1. यह कि वारिस नं. 1 राजिन्द्र चौधरी पुत्र स्व. श्री भवानी दास चौधरी का दिनांक 13.02.1998 को देहान्त हो गया है। वारिस नं. 1 राजिन्द्र चौधरी पुत्र स्व. श्री भवानी दास चौधरी के देहान्त बाद निम्नलिखित वारिस हैं। 1. ज्योति चौधरी पत्नी 2. अनुसुया राजपाल पुत्री 3. दिव्या बजाज पुत्री 4. सनत चौधरी पुत्र के ही जायज वारिस हैं।
2. यह कि वारिश नं. 2 चक्रवर्ती चौधरी पुत्र स्व. श्री भवानी दास चौधरी का दिनांक 07.12.2000 को देहान्त हो गया है। वारिस नं. 2 चक्रवर्ती चौधरी पुत्र स्व. श्री भवानी दास चौधरी के देहान्त बाद निम्नलिखित वारिस है। 1. हेमन्त चौधरी पुत्र 2. वसंत चौधरी पुत्र 3. शशि चौधरी पत्नी के ही जायज वारिस हैं।
3. वारिस नं. 3 विजय रतरा पुत्री स्व. श्री भवानी दास चौधरी का दिनांक 23.12.2001 को देहान्त हो गया है। वारिस नं. 3 विजय रतरा पुत्री स्व. श्री. भवानी दास चौधरी के देहान्त बाद निम्नलिखित वारिस है। 1. रितु खन्ना पुत्री 2. रेनु कपूर पुत्री 3. डिम्पल पुत्री अरोड़ा 4. राजीव रतरा पुत्र के ही जायज वारिस है।
4. यह कि वारिस नं. 4 सुशमा खन्ना पुत्री स्व. श्री भवानी दास चौधरी का दिनांक 18.06.2008 को देहान्त हो गया है। वारिस नं. 4 सुशमा खन्ना पुत्री स्व. श्री भवानी दास चौधरी के देहान्त बाद निम्नलिखित वारिस हैं। 1. मनीश खन्ना पुत्र 2. अनीश खन्ना पुत्र 3. पूजा भूटानी पुत्री के ही जायज वारिस हैं। लोकेश नांगरू पार्षद वार्ड नं. 20 नगर निगम पानीपत व सुभाष पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तसदीक की गई।
उपर दर्शाये गये वारसानों के इलावा मृतक स्व. श्री भवानी दास चौधरी पुत्र श्री परमा नन्द चौधरी का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के दादा स्व. श्री भवानी दास चौधरी पुत्र श्री परमा नन्द चौधरी के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बावत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29.12.23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/- तहसीलदार -कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

# खुशियों के साथ गमों से भी भरा रहा साल 2023



## जहरीली शराब निगल गई 22 जिंदगियां

ये साल जहरीली शराब कांड के लिए भी याद रखा जाएगा। यहां के बिजंलपुर गांव के पास गैरकानूनी तरीके से चल रही शराब फैक्टरी में जहरीली शराब का धंधा चल रहा था। यहां बनी शराब पीने से अंबाला के साथ यमुनानगर के 22 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में अब तक पुलिस जेल में बंद गैंगस्टर मोनू राणा समेत एक दर्जन से ज्यादा लोगों को पकड़ चुकी है। सिलसिलेवार मौतों पर हंगामा हुआ तो राज्य सरकार ने पीड़ति परिवारों के लिए मुआवजे का भी ऐलान किया। बाद में अवैध शराब फैक्टरी को भी ढहा दिया गया।



## भीषण हादसे में 8 यात्रियों की मौत

**अंबाला।** शहजादपुर के कक्कड़ माजरा गांव के पास इस साल भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में आठ लोगों की जान चली गई। पंचकुला-यमुनानगर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में पंद्रह लोग भी जख्मी हुए थे। हादसे में मौत का शिकार हुए सभी लोग उत्तरप्रदेश से एक प्राइवेट बस में सवार होकर हिमाचल प्रदेश के बद्दी जा रहे थे। इस बस को पीछे से एक अन्य बस ने तेजरफ्तारी से टक्कर मार दी थी। इस भीषण हादसे में कई लोग बुरी तरह से जख्मी हुए। पुलिस ने जांच के दौरान हादसे को अंजाम देने वाले बस चालक को गिरफ्तार किया था।



## फायरिंग रेंज से भटककर महिला बंदी को लगी गोली

**अंबाला।** अंबाला सेंट्रल जेल में इस साल बंदी के गोली लगने से जख्मी होने का अजीम मामला सामने आया। गोली किसने चलाई लंबी जांच के बाद इसका पता चल पाया। हालांकि इस मामले में गोली चलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया। यह घटना तब सामने आई जब अचानक गोली लगने धूप सेक रही एक महिला बंदी जख्मी हो गई। गोली उसकी टांग में लगी थी। लंबी जांच के बाद पता चला कि गोली फायरिंग रेंज से भटककर महिला बंदी को लगी थी।



## अंबाला से होकर गुजरे राहुल गांधी

**अंबाला।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी इस साल अंबाला से होकर गुजरी। कड़कड़ाती ठंड में राहुल गांधी खुद सफेद टी शर्ट में अंबाला छावनी व अंबाला शहर विधानसभा से होकर निकले थे। यहां पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने भी बेहद गर्मजोशी से राहुल गांधी का अभिनंदन किया। राहुल गांधी को देखने के लिए कड़ी ठंड के बावजूद लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सैनी भवन में ब्रेक फास्ट के बाद भारत जोड़ो यात्रा शंभू बैरियर से पंजाब में दाखिल हो गई। यह पहला मौका था जब राहुल गांधी यहां से पैदल होकर गुजरे।



## बाढ़ ने मचाई तबाही हजारों एकड़ फसल बही

**अंबाला।** इस साल बाढ़ ने अंबाला में खूब तबाही मचाई। खासकर बरसाती नदियां घग्गर, मारकंडा व टांगरी लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई। इन नदियों के पानी ने रिहायशी कॉलोनियों में जमकर तबाही मचाई। इसी वजह से लोगों को अपने घर खाली करने पड़े, हजारों एकड़ फसल बाढ़ में बह गई।




## फसल व नस्ल बचाने के लिए आंदोलन प्रारंभ

**अंबाला।** फसल व नस्ल बचाने के लिए किसानों ने इस बार प्रशासन के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। दो बार किसान फसलें खराब करने वाले बेसहारा पशुओं को ट्रॉलियों में भरकर मुख्यालय पर लेकर आए। यहां अधिकारियों से सहमति न बन पाने की वजह से बाद में किसानों ने विधायक असीम गोयल के आवास पर डेरा डाल दिया। अब प्रशासन ने किसानों को इस पशुओं के समस्या के समाधान का ठोस आश्वासन दिया है।



## बहन की हत्या के लिए तलवार से किए 41 वार

**अंबाला।** इस साल अंबाला छावनी में बेहद चौकाने वाली हत्या की वारदात हुई। कच्चा बाजार के रहने वाले करण ने तलवार से अपनी बहन भावना की बेरहमी से हत्या कर दी। उसने बहन के संवेदनशील अंगों समेत शरीर पर 41 वार किए थे। भावना का पति के साथ अदालत में तलाक का केस चल रहा था। पति से विवाद के कारण वह अपने मायके में रह रही थी। बहन के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल देखकर उसने उसे मौत के घाट उतार दिया। फिर सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर लॉरेंस बश्निोई से मदद मांगी। बाद में उसने गृहमंत्री के आवास के पास पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया।



## आधी रात को निकलता, महिलाओं पर हमला कर गायब

**अंबाला।** इस साल जिले के दुखेड़ी गांव में ग्रामीण बेहद दहशत में रहे। यहां आधी रात के बाद एक शख्स सफेद धोती-कुर्ता पहने और सिर पर लोहे के जाल का हेलमेट लगा नंगे पांव गांव में घुसता था। इसके बाद वह महिलाओं पर वार करता। यह हरकत करने के बाद वार करने वाला शख्स गांव के खेड़े पर दीया जलाकर पूजा करता था। फिर महिलाओं पर वार कर गायब हो जाता। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों में यह शख्स कैद हो गया।



## सांसद के निधन से अंबाला लोकसभा सीट खाली

**अंबाला।** अंबाला लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार सांसद बने रतनलाल कटारिया का इस साल निधन हो गया। केंद्र सरकार में राज्य मंत्री रहे रतनलाल कटारिया के निधन के बाद से ही अंबाला लोकसभा सीट रक्ति पड़ी है। कटारिया काफी समय से बीमार चल रहे थे। चंडीगढ़ पीजीआई में उनका उपचार चल रहा था। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की दग्गिज नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा को हराकर कटारिया दूसरी बार सांसद बने थे। चुनावी सभाओं में वे अपनी अलग भाषण शैली से लोगों को खूब हंसाते थे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी वप्लिब देव खुद कटारिया का हाल जानने के लिए पीजीआई पहुंचे थे।



## पिटबुल के हमले में चार साल की मासूम जख्मी

**अंबाला।** पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने इस साल एक चार साल की मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई इस घटना ने हर किसी को झकझोर कर दिया। कुत्ते ने बच्ची के शरीर पर 15 जगह वार किए थे। मुश्किल से बच्ची की जान बची। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने पिटबुल कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। इस घटना के बाद नगर परिषद कके अधिकारी भी हरकत में आए।



## सदन में हजपा-भाजपा का रहा टकराव

**अंबाला।** पूरे साल नगर निगम के सदन में हरियाण जनचेतना पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के निगम सदस्य में टकराव की स्थिति रही। कई मुद्दों पर भाजपा सदस्यों ने मेयर शक्ति रानी शर्मा को घेरने का प्रयास किया। इस प्रयास में खूब हंगामा भी हुआ लेकिन मेयर शक्ति रानी शर्मा पूरी ताकत के साथ विरोध का सामना करती रही। विरोध के लिए मेयर शक्ति रानी विधायक पर अपने सदस्यों को उकसाने का आरोप लगाती रही।



## चीनी मिल की कुर्की से परेशान किसान

**अंबाला।** इस साल बनौंदी चीनी मिल की कुर्की के फरमान से किसान बेहद परेशान हैं। कुर्की रोकने के साथ अपनी लंबित पेमेंट के भुगतान को लेकर अब किसान कड़ककड़ाती ठंड में धरने पर बैठे हैं। मिल 400 करोड़ के घाटे में चल रही है। इनमें से करीब 70 करोड़ रुपये किसानों का बकाया है। घोटाले की वजह से मिल मालिक पहले ही जेल में बंद है। किसानों की सबसे बड़ी फक्रि अपने बकाया भुगतान को लेकर है। इसके बाद मिल बंद होने से गन्ने की फसल को लेकर है। इसी वजह से किसान यूनियनों ने मोर्चा संभाल लिया है।



## सदन में भाजपा ताकतवर, तीन सदस्य शामिल

**अंबाला।** इस साल नगर निगम के सदन में भाजपा ताकतवर होती दिखी। पूर्ण बहुमत न होने के बावजूद पहले भाजपा की निगम सदस्य मीना ढींगरा सीनियर डप्टिी मेयर बन गई। इसके बाद हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट की टिकट पर चुनाव लड़कर जीते निगम सदस्य टोनी चौधरी, रुबी सौदा व हजपा की अमनदीप कौर भाजपा में शामिल हो गई। अब सदन में भाजपा के सदस्यों की संख्या सबसे ज्यादा है। इसी वजह से अब सदन में भाजपा सदस्य पूरी ताकत से मेयर शक्ति रानी शर्मा के साथ निगम अधिकारियों को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ते।



## जमीन खोदकर रिकवर किया दस करोड़ का सोना

**अंबाला।** इस साल बलदेव नगर स्थित सहकारी बैंक से चोर लॉकर तोड़कर मोटे माल पर हाथ साफ कर गए। 32 लॉकर तोड़कर चोरों ने बैंक से करीब दस करोड़ के गहने चोरी किए थे। दीवार तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कटर से 32 लॉकर तोड़े। कई लॉकर्स खुल न पाने की वजह से बच गए। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक में चोरी करने वाले गिरोह को काबू किया । पकड़े गए ज्यादातर आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। चोरी के बाद आरोपियों ने सोना अपने घरों में दबा दिया था। पुलिस ने जमीन खोदकर सोने की रिकवरी की।



## नशा तस्करों पर शिकंजा, 162 मामलों में 296 कारोबारी काबू

अंबाला। पूरे साल पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसने की कसरत की। इस दौरान पुलिस ने स्मैक व चरस के कई बड़े मामले पकड़े। साथ ही अफीम तस्करी के कारोबारियों के खिलाफ भी बड़ा अभियान शुरू किया। इस दौरान नशा कारोबारियों के घरों पर बुलडोजर चलाकर तबाह किया गया। पुलिस ने 2023 में एक जनवरी से बीते 18 दिसंबर तक 162 मामले नशा तस्करी के दर्ज किए हैं। 296 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 34 मामले व्यवसायिक नशे की श्रेणी में आते है।



## आप को झटका, कांग्रेस में लौटेंगे पूर्व मंत्री

**अंबाला।** इस साल जाते जाते आम आदमी पार्टी को भी बड़ा झटका लगा है। उत्तरी हरियाणा में पार्टी की राजनीति का सबसे मजबूत चेहरे पूर्व मंत्री नर्मिल सिंह ने बेटी चत्रिा सरवारा के साथ पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पांच जनवरी को दोनों पिता-पुत्री अपनी पुरानी पार्टी कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। नर्मिल सिंह व चत्रिा के दोबारा कांग्रेस में लौटने से एक बार फिर अंबाला शहर व छावनी में पार्टी मजबूत हो गई है। काफी समय से दोनों के कांग्रेस में लौटने की अफवाहें उड़ रही थी। अब इन अफवाहों पर विराम लग गया है।



## इलेक्ट्रोनिक डिवाइस से नकल करते पकड़े सत्रह परीक्षार्थी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के खड़गा खेल स्टेडियम में चल रही ग्रुप सी सेना भर्ती की परीक्षा में सेना ने नकल करने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया। सेना अधिकारियों ने इलेक्ट्रोनिक डिवाइज से नकल करते 17 परीक्षार्थियों को काबू किया। बाद में जांच के दौरान पता चला है कि पकड़े गए आरोपियों में कई फर्जी परीक्षार्थी थे जोकि असल की जगह परीक्षा दे रहे थे। जांच के दौरान पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड सुशील को भी काबू किया जोकि सेना से रिटायर होने के बाद यह गिरोह चला रहा था।



## अंबाला को मिले डिप्टी व सीनियर डिप्टी मेयर

**अंबाला।** नगर निगम चुनाव हुए दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका था। इसके बावजूद राज्य सरकार डप्टिी मेयर व सीनियर डप्टिी मेयर का चुनाव नहीं करवा रही थी। तब हरियाणा जनचेतना पार्टी के निगम सदस्य जसबीर सिंह ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आदेश के बाद हरकत में आई सरकार ने चुनाव के आदेश दिए। सहमति से हरियाणा जनचेतना पार्टी के निगम सदस्य राजेश मेहता डप्टिी मेयर बने जबकि भाजपा की ओर से पहली बार निगम सदस्य बनी मीना ढींगरा को सीनियर डप्टिी मेयर बनाया गया। कांग्रेसे के निगम सदस्य चुनाव में मूकदर्शक बनकर रह गए।



## दरबार बंद फिर भी उमड़ रहे फरियादी

**अंबाला।** गृहमंत्री अनिल विज का दरबार बंद है। इसके बावजूद रोज उनके रिहायशी भवन पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यह सिलसिला लगातार चल रहा है। पहले गृहमंत्री अनिल विज की ओर से जनता दरबार का आयोजन किया जाता था। इसमें प्रदेश भर से लोग आते थे। बाद में जनता दरबार बंद हो गया। फिर भी विज के आवास पर फरियादियों की रोज लाइनें लग रही हैं। विज खुद लोगों की शिकायतें सुनकर उनके समाधान के आदेश दे रहे हैं।

# तीसरे दिन भी जारी रहा विरोध प्रदर्शन

- कर्मचारियों के साथ राजनीतिक लोग भी अब किसानों के साथ खड़े हुए, प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

शुगर मिल के मुद्दे को लेकर उप मंडल कार्यालय में किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। किसानों ने धरने को अनश्चिति काल तक जारी रखने के साथ नर्णिय लिया है। 1 जनवरी 2024 को किसान धरना स्थल पर एक दिवसीय अनशन करेंगे। तीसरे दिन भी धरना पर किसानों की आवाजाही पूरा दिन लगी रही। धरना स्थल पर किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के उपाध्यक्ष वक्रिम राणा ने कहा कि किसानों के पास अब सरकार और प्रशासन के खिलाफ लड़ाई लड़ने के अलावा कोई



**नारायणगढ़।** शुगर मिल की कुर्की को लेकर प्रदर्शन करते किसान व कर्मचारी।

दूसरा रास्ता नहीं बचा। धरना अनश्चितिकाल तक जारी रहेगा यह किसानों ने नर्णिय लिया है और 1 जनवरी को किसान अनशन करेंगे।संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर ढींडसा ने कहा कि किसानों को सरकार ने बड़ी मुसीबत में डालने का काम किया है, मजबूरी में नववर्ष के अवसर पर किसान धरना स्थल पर अनशन करेंगे क्योंकि सरकार की नीतियों से ऐसा नजर आता है कि सरकार किसानों को तिल तिल कर मारना चाहती है इसलिए किसान खुद ही नव वर्ष के अवसर पर जब पूरा वश्वि जश्न मना रहा होगा अनशन करेंगे ताकि सरकार को संदेश जा सके के ।

किसानों के हालात बद से बदतर मिल व सरकारी नीतियों के कारण बने हुए हैं। उनकी सुनवाई कर समस्या का हल जरूरी है। अगर मिल नीलाम होती है तो मिल द्वारा 677 किसानों के नाम लिए 35 करोड़ के फसली कर्ज की जम्मिेदारी किसकी होगी प्रशासन व सरकार जवाब दे? किसानों के धरना स्थल पर अनेक लोग समर्थन करने पहुंचे जिसमे जिला परिषद सदस्य ठाठ सिंह राणा , पूर्व सरपंच सुखदेव गदौली, प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के प्रधान गुरराज सिंह ,दलित नेता मूलक राज, ब्लॉक समिति सदस्य शीश पाल ने शिरकत की। कहा धरना पर बैठे किसानों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।



## डोमेस्टिक एयरपोर्ट का हुआ उद्घाटन

**अंबाला।** अंबाला में जल्द ही डोमेस्टिक एयरपोर्ट का नर्मिाण पूरा कर लिया जाएगा। सीएम मनोहर लाल इसका उद्घाटन कर चुके हैं। गृहमंत्री अनिल विज डोमेस्टिक एयरपोर्ट के लिए पिछले काफी समय से प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए जरुरी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। आने वाले महीनों में यहां से घरेलू उड़ानें शुरू करने की बात कही जा रही है। शुरूआत में रनवे के लिए एयरफोर्स स्टेशन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए जमीन भी अधिगृहित कर ली गई है।